कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-03.09.2023

थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा कुल 9.61 ग्राम अवैध हेरोइन व बिक्री से प्राप्त कुल 1060/- रु नगद के साथ 02 अभियुक्तगण 1-विजय कुमार बिन्द उर्फ छोटक व 2-आशीष सिंह उर्फ नानक गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1-विजय कुमार बिन्द उर्फ छोटक पुत्र दुलारे बिन्द निवासी पैगंबरपुर थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी व 2-आशीष सिंह उर्फ नानक पुत्र गिरजा प्रसाद राजभर निवासी सलारपुर प्राईमरी स्कूल के पीछे थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी को चन्द्रा क्रासिंग के आगे खाली मैदान से आज दिनांक-03.09.2023 को समय करीब 10.20 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 9.61 ग्राम नाजायज़ हेरोइन बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0388/2023 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1-विजय कुमार बिन्द उर्फ छोटक पुत्र दुलारे बिन्द निवासी पैगंबरपुर थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।

2-आशीष सिंह उर्फ नानक पुत्र गिरजा प्रसाद राजभर निवासी सलारपुर प्राईमरी स्कूल के पीछे थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी, उम्र लगभग 21 वर्ष।

विवरण बरामदगी-

42 पुड़िया नाजायज़ नशीला पाउडर हेरोइन कुल वजन 9.61 ग्राम व हेरोइन बिक्री से प्राप्त कुल 1060/- रु0 नगद बरामद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ0नि0 आदित्य कुमार सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2-उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3-उ0नि0 मो0 अहमद थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
4-उ0नि0 अजय कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
5-का0 विकास प्रताप सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
6-का0 उमेश कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।